दैनिक भारत कि

# तामीर

संपादक - काझी मकदूम शफीउद्दीन hinditameer@gmail.com

Editor in chief- Qazi makhdoom shafiuddin

बीड (महाराष्ट्र) | वर्ष-१ ला | अंक-२७८ वा | गुरुवार ८ मे २०२५ | RNI TITLE CODE:MAHHIN11405/120/1/3/2024 | किमत : २ रुपये | पन्ने - ४


# बीड शहर से जुड़ी समस्याओं पर विधायक क्षीरसागरने जिलाधिकारी के साथ की अहम बैठक

## पावसालपूर्व स्वच्छता कार्य, टैक्स पुनर्निर्धारण और नगर रोड पर रोड क्रॉसिंग जैसे मुद्दों पर हुई विस्तृत चर्चा



रिपोर्ट : बीड प्रतिनिधि ।
दिनांक
: ७ मई २०२५

बीड शहर में आगामी वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए, विधायक संदीप क्षीरसागर ने बुधवार, ७ मई को बीड जिलाधिकारी विवेक जॉन्सन के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। इस बैठक में नालेसफाई, सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता, ठोस कचरा प्रबंधन, नगरपालिका की आय में वृद्धि हेतु कर पुनर्निर्धारण (ढ्ु ठर्शींळीळेप) और नगर रोड स्थित छत्रपती शिवाजी महाराज चौक से जुना नगर नाका तक रोड क्रॉसिंग की आवश्यकता जैसे विभिन्न मुद्दों पर गहन चर्चा की गई।

विधायक क्षीरसागर ने कहा कि शहर में मानसून पूर्व तैयारियां अनिवार्य हैं, विशेषकर नालों की सफाई और सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता के कार्य, ताकि नागरिकों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े और बीमारियों से बचाव हो सके।

साथ ही बीड नगरपालिका की आय में वृद्धि के लिए चतुर्थ कर आकारणी (टैक्स रिवीजन) को व्यवस्थित रूप से लागू करने की आवश्यकता जताई गई। उन्होंने बताया कि टैक्स पुनर्निर्धारण का समुचित नियोजन कर प्रभावी अमल से नगरपालिका को आर्थिक मजबूती मिल सकेगी।

बैठक में यह भी बताया गया कि नगर रोड पर छत्रपती शिवाजी महाराज चौक से जुना नगर नाका तक सभी प्रमुख शासकीय कार्यालय स्थित हैं, लेकिन वहां एक भी रोड क्रॉसिंग की व्यवस्था नहीं है, जिससे आम नागरिकों को भारी असुविधा हो रही है। इस संदर्भ में तत्काल कार्यवाही की मांग की गई।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने नगरपालिका प्रशासन को निर्देशित किया कि पावसालपूर्व सभी स्वच्छता कार्यों का ठोस और समयबद्ध नियोजन करें। साथ ही चतुर्थ कर आकारणी हेतु विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

इसके अलावा जिलाधिकारी कार्यालय के सामने नगर रोड पर एक रोड क्रॉसिंग निर्माण के लिए भी तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए गए। इस बैठक में विधायक संदीप क्षीरसागर, जिलाधिकारी विवेक जॉन्सन, पूर्व विधायक सय्यद सलीम, नगरपालिका के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पहलगाम हमले का जवाब युद्ध नहीं हो सकता-राज ठाकरे

मुंबई । रिपोर्ट : ज़मीर काज़ी

जहाँ एक ओर भारतीय सेना द्वारा किए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' की देश के लगभग सभी राजनीतिक दलों द्वारा सराहना की जा रही है, वहीं मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने इस पर एक अलग रुख अपनाते हुए कहा कि दहशतगर्दी का जवाब युद्ध नहीं हो सकता।



राज ठाकरे ने कहा कि पहलगाम में जिस तरह से आतंकवादी हमला हुआ, उसके ज़िम्मेदारों को ऐसी सज़ा मिलनी चाहिए जो उनकी अगली पीढ़ियों को भी याद रहे। लेकिन इस घटना को युद्ध जैसी स्थिति में बदलना उचित नहीं है। उन्होंने केंद्र सरकार, खासकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भी आलोचना करते हुए कहा कि,

ऐसे गंभीर हालात में प्रधानमंत्री को बिहार में चुनाव प्रचार, अदानी के सत्कार और मुंबई में वेव समिट जैसे आयोजनों में शामिल होने से बचना चाहिए था।

राज ठाकरे ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा,

जब अमेरिका में ९/११ हुआ था, तब उन्होंने युद्ध नहीं किया, बल्कि सीधे आतंकियों को मार गिराया। युद्ध जैसी स्थिति पैदा करना, मॉक ड्रिल करना, सायरन बजाना-इन सबकी जरूरत नहीं है। सबसे पहले हमें यह समझना होगा कि यह हमला हुआ कैसे? पाकिस्तान तो खुद बर्बाद हो चुका है, उसे सबक सिखाने से हमें क्या हासिल होगा?

उन्होंने यह भी कहा कि जिस जगह हमला हुआ, वहां अब तक हमलावर पकड़े नहीं गए हैं। हजारों पर्यटक जिस इलाके में जाते हैं, वहाँ सुरक्षा क्यों नहीं थी?

उन्होंने ज़ोर देते हुए कहा,

मॉक ड्रिल से ज्यादा जरूरी है कि वहां कॉम्बिंग ऑपरेशन किया जाए और असली आतंकियों को तलाशा जाए। एयर स्ट्राइक जैसे कदम लोगों का ध्यान भटकाने का तरीका हैं, लेकिन इसका जवाब युद्ध नहीं होना चाहिए।

मॉक ड्रिल नहीं, कॉम्बिंग ऑपरेशन की ज़रूरत है

राज ठाकरे ने सरकार की रणनीति पर सीधा हमला बोलते हुए कहा,


सरकार की गलतियों को उजागर करना ज़रूरी है। जब हमला हुआ, उस वक्त प्रधानमंत्री सऊदी अरब में थे, उन्हें वह दौरा बीच में छोड़कर लौटना पड़ा। फिर वे बिहार में चुनाव प्रचार के लिए गए, जो टाला जा सकता था। केरल में अदानी के पोर्ट के उद्घाटन के लिए और मुंबई में वेव समिट के लिए भी पहुंचे, जबकि देश में बेहद गंभीर स्थिति थी। ऐसी स्थितियों में ये चीजें टाली जानी चाहिए थीं।

उन्होंने कहा,

मॉक ड्रिल की बजाय ज़मीनी स्तर पर कार्रवाई की जाए। जो आतंकी हैं, उन्हें खोजा जाए। आज हर चौराहे पर ड्रग्स मिल रहे हैं, इन पर भी कार्रवाई की ज़रूरत है।

# आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब देने पर रज़ा अकैडमीने मनाया जश्न !

## पूरा हिंदुस्तान सेना के साथ खड़ा



जमीर काझी
मुंबई :

पहलगाम में हुए आतंकी हमले का मुंहतोड़ जवाब देते हुए भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर की शुरुआत कर दी है, जिससे पाकिस्तान कांप उठा है। आधी रात को पाकिस्तान के ९ ठिकानों को निशाना बनाकर भारतीय सेना ने उन्हें भारी नुकसान पहुँचाया। इस स्ट्राइक ऑपरेशन पर पूरा हिंदुस्तान खुशी से झूम उठा और पर्यटकों पर हुए हमले का बदला लेने की खुशी में मिठाइयाँ बाँटी गईं।

देश की प्रतिनिधि संस्था रज़ा अकैडमी ने सेना प्रमुख समेत जवानों का हौसला अफज़ाई करते हुए कहा कि आतंकवादियों को मिट्टी में मिलाकर ही दम लेंगे, पूरा हिंदुस्तान आपकी हिम्मत, जज़्बे और बहादुरी को सलाम करता है।

संस्था के प्रमुख असीर-ए-मुफ्ती-ए-आज़म अल्हाज मोहम्मद सईद नूरी, जो इन दिनों दिल्ली दौरे पर हैं, वहाँ आयोजित एक बैठक में संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय सेना एक मजबूत लोहे की दीवार है, जो हमेशा देश और कौम की हिफाजत के लिए अपनी जान की कुर्बानी देने को तैयार रहती है। हम दिल से अपनी सेना को बधाई देते हैं और उनसे कहते हैं कि दुश्मन चाहे किसी भी बिल में छुपा हो, उसे खोजकर खत्म करें। हम आपके हर ऑपरेशन का खुलकर समर्थन करते हैं।

नूरीने कहा कि २२ अप्रैल को पहलगाम में पर्यटकों पर हुआ हमला इंसानियत को शर्मसार करने वाला था। हमारी बहनों से उनका सुहाग छीन लिया गया, बच्चों को यतीम कर दिया गया। इसलिए गुनहगारों को खोज-खोज कर खत्म किया जाए।

ऑल इंडिया सुन्नी जमीयत-उल-उलमा के उपाध्यक्ष हज़रत सईद नूरी साहब ने अंत में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने हमारे जज्बातों की सच्ची तरजुमानी की है। मुसलमान पहले दिन से कह रहे थे कि दुश्मनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो और आतंकियों के ठिकानों पर बमबारी की जाए। अब जब हाई स्ट्राइक ऑपरेशन सिंदूर हुआ है, हमने सुकून की सांस ली है और खुशी जताते हुए भारतीय सेना को दिल से बधाई दी है।

# रोहित शर्माने लिया टेस्ट क्रिकेट से संन्यास

दिल्लीः संवादाता

शेयर करके इस बात की जानकारी दी है. रोहित ने अपने पोस्ट में लोगों के प्यार के लिए शुक्रिया कहा है. रोहित शर्मा ने ये फैसला भारतीय क्रिकेट टीम के इंग्लैड दौरे से पहले लिया है. टीम इंडिया की इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज शुरू होने वाली है. भारत और इंग्लैंड के बीच पहला टेस्ट मैच २० जून से खेला जाएगा.



रोहित शर्मा ने आगे लिखा कि 'इतने साल आप सभी के प्यार और सपोर्ट के लिए शुक्रिया'. रोहित शर्मा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में ये भी बताया कि वो भारत के लिए जऊख फॉर्मेट में खेलते रहेंगे. बता दें कि रोहित शर्मा ने टी२० वर्ल्ड कप २०२४ के बाद ढ२० क्रिकेट से भी संन्यास का ऐलान किया था.

# पूर्व कैबिनेट मंत्री जयदत्त क्षिरसागरने सद्भावना के तहत आमिर सलीम के घर दी भेंट

बीड़ । संवाददाता

पूर्व कैबिनेट मंत्री जयदत्त शिरसागर ने बीड़ जिला क्रिकेट असोसिएशन के सचिव आमिर सलीम के निवास पर सद्भावना स्वरूप भेंट दी। इस अवसर पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया।



भेंट के दौरान दोनों के बीच राजनीतिक, सामाजिक और क्रिकेट से संबंधित मुद्दों पर चर्चा हुई। साथ ही बीड़ जिला क्रिकेट असोसिएशन की कार्यप्रणाली और खिलाड़ियों की राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर हो रही सफलताओं पर विचार हुआ।

जयदत्त शिरसागर ने बीड़ जिले के खिलाड़ियों की शानदार प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त की और उम्मीद जताई कि भविष्य में भी यह कार्यप्रणाली और उपलब्धियाँ इसी तरह जारी रहेंगी।

इस अवसर पर सचिव आमिर सलीम ने क्रिकेट असोसिएशन की गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी।

इस मुलाकात के दौरान क्रिकेट असोसिएशन के पदाधिकारी एडवोकेट राजन साल्वी, इरफान कुरैशी, प्रो. जावेद पाशा, प्रिंसिपल पठान रिजवान खान, शारिक पठान, मिल्लत इंग्लिश स्कूल के सचिव उमैर सलीम, नगर परिषद सदस्य मक़ीत लाला एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# मुहम्मद जुबैर को सलाम है! अब तो शर्म करो और बहको मत!




मुंबई। शकील रशीद

मुंबई: पाकिस्तान की ओर से एक बार फिर सोशल मीडिया पर भारत के खिलाफ झूठ फैलाने की कोशिश की गई, लेकिन भारत के मशहूर फैक्ट-चेकर और पत्रकार मुहम्मद जुबैर ने तत्परता से उसका पर्दाफाश कर दिया।

पाकिस्तानी पत्रकार हामिद मीर ने हाल ही में एक ट्वीट करते हुए दावा किया कि भारतीय वायुसेना का विमान पाकिस्तान ने गिरा दिया है और इसके समर्थन में तीन तस्वीरें साझा कीं। लेकिन जुबैर ने तुरंत स्पष्ट किया कि ये तीनों तस्वीरें पुरानी हैं और वर्तमान हालात से कोई संबंध नहीं रखतीं। साथ ही, जिन सोशल मीडिया अकाउंट्स का हवाला दिया गया था, वे भारत से नहीं हैं।

जुबैर ने अपने ट्वीट में हामिद मीर को टैग करते हुए लिखा:

कशश्रश्रे क्राळवचळीझ-घ, पहली और दूसरी तस्वीरें पुरानी और असंबंधित हैं। साथ ही, जिस अकाउंट को आप कोट कर रहे हैं, वह भारत से नहीं है।

तस्वीरों की सच्चाई यह है कि इनमें से एक वर्ष २०२१ में भारतीय मिग-२१ बाइसन विमान की दुर्घटना की है, जिसका हामिद मीर द्वारा मौजूदा हालात से जोड़ना साफ तौर पर भ्रामक और झूठा प्रयास है।

इस खबर को लेकर पत्रकार शकील शहीद ने अपने लेख में कहा है कि जब भारतीय मुसलमानों पर दोहरी जिम्मेदारी होती है-एक अपने देश के प्रति और दूसरी अपने धर्म के प्रति-तब जुबैर जैसे लोग दोनों मोर्चों पर ईमानदारी से खरे उतरते हैं। उन्होंने न सिर्फ भारत की छवि की रक्षा की बल्कि पाकिस्तानी झूठ और प्रोपेगैंडा को भी नंगा कर दिया।

लेख में अंत में यह भी कहा गया है कि अब पाकिस्तान को आत्मनिरीक्षण करना चाहिए कि वह कब तक झूठे प्रचार से काम चलाएगा। अगर उसे सच में शांति चाहिए, तो मीडिया को जिम्मेदार भूमिका निभानी होगी।

## उर्दू दैनिक तामीर के २५ वे साल में क़दम रखने पर एक और पेशकश

# पूर्व सांसद प्रीतम मुंडे ने वरिष्ठ पत्रकार काज़ी परिवार से की शोकभेंट

गेवराई, प्रतिनिधि। बीड़ लोकसभा की पूर्व सांसद और भाजपा की वरिष्ठ नेता प्रीतमताई गोपीनाथराव मुंडे ने बुधवार, ७ मई २०२५ की शाम को गेवराई तालुका के वरिष्ठतम पत्रकार काज़ी हयातुल्ला के निधन पर उनके निवास पर जाकर शोक-संवेदना प्रकट की। उन्होंने दिवंगत पत्रकार के ज्येष्ठ पुत्र काज़ी अमान सहित समस्त काज़ी परिवार को ढाढ़स बंधाया।

गौरतलब है कि काज़ी परिवार और मुंडे परिवार के बीच लंबे समय से आत्मीय संबंध रहे हैं। काज़ी अमान की माताजी के निधन के समय महाराष्ट्र के तत्कालीन उपमुख्यमंत्री गोपीनाथराव मुंडे स्वयं पैदल चलकर काज़ी निवास पर पहुंचे थे और परिवार को सांत्वना दी थी। अब वरिष्ठ



पत्रकार काज़ी हयातुल्ला के निधन पर मंत्री पंकजा मुंडे ने भी शोक संदेश भेजकर अपनी संवेदना व्यक्त की थी।

इसी क्रम में बुधवार की शाम पूर्व सांसद प्रीतम मुंडे ने भी काज़ी निवास पर पहुंचकर काज़ी अमान और परिवार के अन्य सदस्यों से भेंट की और गहन संवेदना प्रकट की। इस अवसर पर उन्होंने गोपीनाथराव मुंडे और काज़ी हयातुल्ला की पुरानी यादों को भी भावुकता से याद किया।

इस अवसर पर दिवंगत के पुत्र काज़ी अमान, काज़ी शौकत, काज़ी शकील, पौत्र काज़ी उबैद, काज़ी समी सहित भाजपा के पूर्व तालुका अध्यक्ष प्रकाश सुरवसे, भाजपा नेता ॲड. ज्ञानेश्वर खाडे, तालुका समन्वयक श्रीकांत सानप, जिल्हा सरचिटणीस देविदास नागरगोजे, पश्चिम तालुकाध्यक्ष ॲड. उद्धव रासकर, पूर्व तालुकाध्यक्ष राजेश पवार, शहराध्यक्ष सचिन दाभाडे, पूर्व सभापति दीपक सुरवसे, महामंत्री ॲड. राहुल राका, अखिल भारतीय जैन संघटना के तालुकाध्यक्ष अमर गंगवाल, युवा कार्यकर्ता शेख नविद, गुलाम दस्तगीर, राजवैभव खाडे, डॉ. शेख इब्राहीम, पप्पू खेडकर, अशोक शिंदे, महादेव धोंडरे, रामचंद्र कोळेकर, गणेश सातपुते, मच्छिंद्र यादव, सुशील भोपळे, राजेंद्र हराळे सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

प्रीतम मुंडे ने इस अवसर पर काज़ी परिवार की महिला सदस्यों से भी भेंट की और उन्हें सांत्वना दी।

# पालवन चौक में पानी की टंकी पर पंकज धांडे का 'शोले स्टाइल' आंदोलन



रिपोर्ट : बीड प्रतिनिधि ।
दिनांक : ७ मई २०२५

बीड: सरकार बदली, संपर्क मंत्री बदले, लेकिन बीड शहर की पानी की समस्या आज भी जस की तस बनी हुई है। पूरे शहर में नागरिकों में आक्रोश है और लोग बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, बीड शहर को पानी सप्लाई करने वाली पाइपलाइन खराब हो जाने के कारण पिछले ३३ दिनों से बीड शहर में पानी की सप्लाई पूरी तरह बंद है। इस वजह से नागरिकों को पीने के पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। कई दिनों से विभिन्न प्रकार के आंदोलन किए जा चुके हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई ठोस प्रतिक्रिया नहीं आई।

मंगलवार को रात ७ बजे से लेकर १२ बजे तक, पंकज धांडे, अविनाश कांबळे, अक्षय दळवी और अन्य कुछ युवकों ने पालवन चौक स्थित पानी की टंकी पर चढ़कर 'शोले स्टाइल' आंदोलन किया। यह दृश्य ठीक वैसा ही था जैसा शोले फिल्म में वीरू ने पानी की टंकी पर चढ़कर किया था।

आख़िरकार रात ११ बजे पानी की टंकी में पानी छोड़ा गया।

राष्ट्रवादी कॉंग्रेस शरद पवार गुट के जिलाध्यक्ष राजेंद्र मस्के के हस्तक्षेप के बाद जलापूर्ति अभियंता माने और शिवाजी नगर पुलिस ने आंदोलनकारियों से बातचीत कर उन्हें शांत किया और आंदोलन समाप्त कराया।

उल्लेखनीय है कि बीड शहर को पिछले ३३ दिनों से एक भी बार नल के जरिये पानी नहीं मिला है। बीते २० वर्षों से हर २०वें दिन पानी छोड़ने की परंपरा रही है। बिजली बिलों की अदायगी न होने के कारण भी पंपिंग रुक जाती है, और इसका सीधा असर जनता पर पड़ता है।

हाल ही में यह मुद्दा बीड के पालकमंत्री अजित दादा पवार के समक्ष भी उठाया गया था, लेकिन उन्होंने अब तक इस पर कोई समाधान नहीं दिया है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि नाम बड़ा और दर्शन छोटे की तर्ज पर अजित दादा ने इस गंभीर समस्या की अनदेखी की है, जिससे बीडवासी बुरी तरह परेशान हैं।

आज पालवन चौक पर आंदोलन कर रहे युवकों की जनता द्वारा सराहना की जा रही है। जलसंकट से त्रस्त नागरिकों का कहना है कि यदि प्रशासन अब भी नहीं जागा तो इसी तरह हर वार्ड में आंदोलन होंगे। महिलाओं ने भी प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोलने और अपनी व्यथा जताने की चेतावनी दी है।

जनता की मांग है कि पालकमंत्री अजित पवार इस मुद्दे को शीर्ष प्राथमिकता पर लें और तुरंत स्थायी समाधान करें, ताकि बीड शहर को नियमित और व्यवस्थित पानी की आपूर्ति मिल सके।

# बीड शहरवासियों को हर चार दिन में स्वच्छ जल आपूर्ति और नियमित घंटागाडी शुरू करें-गणेश बजगुडे



बीड । संवाददाता

बीड शहर के नागरिकों की मूलभूत समस्याओं को लेकर कांग्रेस नेता गणेश दादा बजगुडे पाटील ने आज नगर पालिका प्रशासन को आड़े हाथों लिया और अनेक ज्वलंत मुद्दों पर कड़ी प्रतिक्रिया दी।

गणेश बजगुडे पाटील ने कहा कि बीड शहर में पानी की समस्या गंभीर रूप ले चुकी है। एक महीने में एक बार गंदा पानी छोड़कर नगर पालिका नागरिकों का अपमान कर रही है, जो तुरंत रोका जाना चाहिए। उन्होंने मांग की कि कम से कम हर चार दिन में स्वच्छ और सुरक्षित पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि शहर में कचरा संग्रहण के लिए जो घंटागाड़ी चलती है, वह सिर्फ नाम मात्र की है। अधिकांश क्षेत्रों में इसका संचालन नहीं हो रहा है, जिससे जगह-जगह कचरे के ढेर जमा हो रहे हैं। उन्होंने मांग की कि शहर के सभी हिस्सों में घंटागाड़ी को तत्काल नियमित रूप से शुरू किया जाए।

बजगुडे ने चेतावनी दी कि शहर की नालियां कई महीनों से नहीं निकाली गई हैं, और पहले ही बरसात में नालियों के जाम होने से सड़कें गटर में तब्दील हो जाएंगी। इसलिए उन्होंने हर आठ दिन में नालियों की सफाई करने और तत्काल सफाई अभियान शुरू करने की मांग की।

इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि नगर पालिका द्वारा एकत्र किया गया कचरा शहर में या नागरिकों को कष्ट देने वाली जगहों पर न डंप किया जाए। इन सभी मुद्दों को लेकर कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने नगर पालिका की मुख्याधिकारी नीता अंधारे मैडम को एक ज्ञापन सौंपा।

इस अवसर पर कांग्रेस के गणेश दादा बजगुडे पाटील, ओबीसी सेल के प्रदेश सचिव गणेशराव राऊत, जिला अध्यक्ष संभाजी जाधव, इंटक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष रामधन जमाले, मानवाधिकार सेल के जिलाध्यक्ष शेख रियाज, बीड तालुका कांग्रेस उपाध्यक्ष शेख कादर बाबा इनामदार, युवक कांग्रेस बीड विधानसभा अध्यक्ष हनुमान घोडके, अल्पसंख्यक कांग्रेस तालुकाध्यक्ष शेख बबलू भाई, शेख नजीर, अशोक जाधव सहित कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

# शादियों में नहीं बच्चों की अच्छी शिक्षा पर खर्च करो-मुफ्ती मोहम्मद हारून नदवी



बुराहनपुर संवाददाता

बुरहानपुर में मुस्लिम खाटीक समाज का इजतेमाई शादियों का कामियाब प्रोग्राम

आज बुराहनपुर के ज़िम्मेदारों की मेहनत अल्लाह ने कुबूल करली और १६ इज्तेमाई निकाह का प्रोग्राम बेहद सुन्दर और कामियाब रहा, इस मौके पर समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष हज़रत मुफ्ती मोहम्मद हारून नदवी समाज को मंगनी और शादियों में फज़ूल खर्च करने से सख़्ती से मना किया, अल्लाह रसूल का पैग़ाम सुनाते हुए तालीम हासिल करने पर उभारा और बच्चों की अच्छी तालीम पर खर्च करने की एहमियत बतायी, मौलाना शोएब साहब ने समाज में होने वाली बुराइयों पर बात करते हुए समाज को आसान निकाह की नसीहत दी, इस मौके पर बुरहानपुर के ज़िम्मेदारों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष मुफ्ती मोहम्मद हारून नदवी, महाराष्ट्र अध्यक्ष यूसुफ लतीफ खटीक, माजी अध्यक्ष हाजी एल ए शेख साहब, हाजी हुसनुद्दीन साहब, और महाराष्ट्र, गुजरात मध्यप्रदेश से आए हुए तमाम ही ज़िम्मेदारों का गुलदस्ता देकर सत्कार सम्मान किया, आये हुए कुछ ज़िम्मेदारों ने बुरहानपुर के ज़िम्मेदारों के काम की ख़ूब तारीफ की और उनके हौसले बुलंद किये, अनवर खटीक, क़ासिम पहलवान, इब्राहिम सेठ,अक़ील भाई शहादा, और तमाम बड़े ज़िम्मेदारों ने इज्तेमाई शादियों के शानदार प्रोग्राम पर खूब बधाई दी, आख़िर में राष्ट्रीय अध्यक्ष मुफ्ती मोहम्मद हारून नदवी ने अपने बयान के बाद ख़ुतबा ए निकाह पढ़ाया और दुआ करते हुए प्यारे देश की उन्नति विकास की भी दुआ मांगी, खटीक समाज ने कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले की निन्दा भी की और सरकार से अपील की के सिर्फ बातें ना की जाएं आतंकवादियों पर कड़ी से कड़ी कारवाई की जाए, इस शानदार कार्यक्रम का सूत्रसंचलन कल्याण से आये हुए फ़ारूक़ सर ने किया । राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मध्यप्रदेश अध्यक्ष अब्दुल वाहिद कुरेशी समेत बुरहानपुर की पूरी टीम इरफान भाई,यामा भाई,अय्यूब भाई सबके सहयोग पर शुक्रिया अदा किया और ख़ूब दुआएं दी ।

# हज़रत मौलाना ग़ुलाम मोहम्मद साहब वस्तीनावी रहमतुल्लाह अलैह, अल्लाह के हिज्र में

# ज्ञान व अमल का सूरज अस्त हो गया

ज़माना पढ़ेगा मुझे वर्क दर वर्क
मैं तजुर्बात की वो रौशनी छोड़ जाऊँगा

हज़रत मौलाना गुलाम मोहम्मद साहब वस्तीनावी रहमतुल्लाह अलैह बेमिसाल सलाहियतों के मालिक थे। आपने भारत में दीन व दुनिया दोनों की तालीम के प्रचार-प्रसार के लिए बेहतरीन काम अंजाम दिए। आपने कौम और मिल्लत की फऊं- और तरक़्क़ी के लिए मुल्क के कोने-कोने में मदरसों, मस्जिदों, स्कूलों, कॉलेजों और अस्पतालों की बुनियाद रखी, जिससे हज़ारों लोगों को रोज़गार मिला और कई नौजवानों और बेटियों की शादी करवा कर उन्हें घर बसाने में मदद की।

शुरुआती दौर में जब मस्जिदों और मदरसों में पानी की किल्लत महसूस की गई, तो आपने बोरवेल्स का इंतज़ाम कराया। मुसलमानों की बड़ी आबादी को देखते हुए आपने तालीमी और सेहत से जुड़ी बुनियादी ज़रूरतों को सामने रखकर स्कूल, कॉलेज और अस्पतालों का निर्माण कराया, जिनसे आज भी हज़ारों लोग लाभान्वित हो रहे हैं।

आपका दिल बेवाओं और यतीमों के दर्द से हमेशा भरा रहता था। मुसलमानों की ग़रीबी और बदहाली पर आपका दिल रोता था। आपने मुसलमानों के हालात सुधारने के लिए अपनी पूरी ज़िंदगी लगा दी।

आप जामिआ इस्लामिया इशाअतुल उलूम, अकलकुवा के बानी और मोहतमिम थे, जिसके ज़ेरे निगरानी आज



देश के कोने-कोने में सैंकड़ों शाखाएँ कुरआनी इल्म की रोशनी फैला रही हैं, और इससे मुस्लिम समाज का एक बड़ा तबक़ा लाभान्वित हो रहा है।

फूंक कर अपने आशियाने को
ज़िंदगी बख़्श दी ज़माने को

आप रहमतुल्लाह अलैह इल्म और फज़ीलत, तक़्वा व पवित्रता में एक आला मक़ाम रखते थे। आप एक साहिब-ए-निस्बत शख्सियत थे। बड़े-बड़े उलेमा और मुफ़्ती हज़रात आपसे बेहद मुहब्बत करते थे और आपकी खिदमात को ख़राज-ए-तहसीन पेश करते थे।

आपने एक छोटे से गाँव में जामिआ इशाअतुल उलूम, अकलकुवा की बुनियाद रखी, जो आज एक बड़ी इस्लामी यूनिवर्सिटी का रूप ले चुकी है, जहाँ आज हज़ारों तलबा इल्म-ए-नबुव्वत की तालीम लेकर अपनी इल्मी प्यास बुझा रहे हैं।

आज मौलाना गुलाम मोहम्मद साहब वस्तीनावी रह. के इस दुनिया से रुख़्सत हो जाने से एक अज़ीम इल्मी ख़ला पैदा हो गया है, जिसे भरने में सदियाँ लग सकती हैं।

आपने महाराष्ट्र, मराठवाड़ा, पूरे देश और विदेशों में भी कुरआनी तालीम के लिए जो मेहनत की, वह काबिल-ए-तारीफ़ और लायक़-ए-अमल है।

आप दारुल उलूम देवबंद की शूरा के रुक्न भी थे और ना जाने कितनी तंजीमों, जमाअतों और अंजुमनों की रहनुमाई और क़ियादत फ़रमाते थे।


ऐसे ही अज़ीम लोगों के बारे में कहा गया है:

हज़ारों साल नर्गिस अपनी बेनूरी पे रोती है,
बड़ी मुश्किल से होता है चमन में दीदावर पैदा।

लोग तो आते हैं इस दुनिया से जाने के लिए, लेकिन कुछ लोग ऐसे होते हैं जिनके जाने से कौम व मिल्लत को अज़ीम नुक़सान पहुंचता है।

हम अल्लाह तआला से दुआ करते हैं कि

अल्लाह तआला मौलाना गुलाम मोहम्मद साहब वस्तीनावी रह. की मग़फ़िरत फरमाए, उन्हें जन्नत-उल-फ़िरदौस में आला मुक़ाम अता फरमाए, और उनके पसमांदगान को सब्र-ए-जमील अता फरमाए।



अल्लाह तआला उनके लगाए हुए इस शजर को शजर-ए-तूबा बनाए।

उनके फरज़ंदान मौलाना हुज़ैफ़ा वस्तीनावी और मौलाना औवैस वस्तीनावी को सब्र और हिम्मत अता फरमाए, उन्हें हज़रत का सच्चा जानशीन बनाए, और उनके मिशन को जारी रखने की तौफ़ीक़ अता फरमाए।

और उम्मत को उनका कोई बहेतर नायब अता फरमाए। आमीन या रब्बुल आलमीन।

**मुफ़्ती अतीकुर्रहमान क़ासमी**
मोहतमिम, मदरसा अनवारुल उलूम,
माला पोरी, ज़िला बीड़, महाराष्ट्र
मो. ९७६४३५२२२९

दैनिक भारत की तामीर अखबार के मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक काजी मखदूम शफीउद्दीन ने आरएम प्रिंटरर्स, बार्शी रोड, बीड 431122 महाराष्ट्र में मुद्रित कर के दैनिक तामीर, नगर परिषद परिसर, बशीर गंज, बीड, महाराष्ट्र कार्यालय से प्रकाशित किया है। मोबाइल : 9270574444 ईमेल : hinditameer@gmail.com वेबसाइट : www.dailytameer.com

daily Bharat ki tameer newspaper owner printer publisher editor Quazi makhdoom shafiuddin has printed at RM printers barshi road beed 431122 Maharash-tra at published at office daily tameer nagar parishad complex Bashir gunj beed Maharashtra. Mobile : 9270574444 Email : hinditameer@gmail.com Website : www.dailytameer.com